तापमान

अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 28.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 22 जुलाई 2025

11 जनता को गुमराह कर रही है सरकार



12 नए प्राचार्यों की ट्रेनिंग खत्म



## खबर संक्षेप

### हर बच्चे को पढ़ाई जानी चाहिए गीताः विज

**अंबाला।** श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि देश के प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक स्कूल में श्रीमद्भागवत गीता पढाई जानी चाहिए। श्रीमद्भागवत गीता हमारी संस्कृति है, हमारा धर्म है और हमारी विचारधारा भी है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि बच्चों को गीता का ज्ञान जानने का अधिकार है। विज सोमवार को मीडिया कर्मियों द्वारा श्रीमद्भागवत गीता को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे हैं।

### स्कूली बच्चों की क्रियाकलाप प्रतियोगिता आयोजित

**अंबाला।** पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में कक्षा छठी,सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों के लिए अंतर सदनीय क्रिया कलाप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के विषय कक्षा छठी के लिए हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता , कक्षा सातवीं के लिए हिंदी भाषण प्रतियोगिता, कक्षा आठवीं के लिए इंग्लिश स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता रहे।

### नंदोई ने विवाहिता से दुष्कर्म किया, केस

**पानीपत।** पानीपत की एक कॉलोनी में निवास कर रही विवाहिता के साथ उसके नंदोई ने दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील वीडियो बना ली थी। आरोपी ने विवाहिता को अश्लील वीडियो का हवाला देकर उसे ब्लैकमेल किया और उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इधर, विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया और महिला की मेडिकल जांच करवाई व उसक बयान दर्ज किए।

### ठगी करने वाली युवती गिरफ्तार

पानीपत। थाना सिटी पुलिस ने पानीपत के इंसार बाजार में चार ज्वैलर्स को नकली सोना व चांदी बेच ठगी करने वाली युवती जींद निवासी ज्योति को गिरफ्तार किया है। वहीं थानेदार कुलदीप ने बताया कि पुलिस ने ज्योति को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### पानीपत में प्रवासी युवक ने सुसाइड किया

**पानीपत।** पानीपत के धूप सिंह नगर में 23 वर्षीय दिनेश मूल निवासी दरभंगा बिहार ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दिनेश, गृहक्लेश से परेशान था। दिनेश तीन माह पहले ही जीवन यापन के लिए बिहार से पानीपत आया था।

### मील वर्कर्स ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

**पानीपत।** मिड डे मील वर्कर्स यूनियन जिला कमेटी ने अपनी मांगों को लेकर विधायक प्रमोद विज, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा को यूनियन जिला प्रधान निर्मला अहलावतके नेतृत्व में यह मांग पत्र सौंपे गए।

## यमुनानगर के गांव लापरा में दो पक्षों के बीच हुई खूनी झड़प, कई घायल

- दोनों पक्षों के दर्जन भर से लोग घायल , घटना के बाद से गांव में पुलिस बल तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के गांव लापरा में देर शाम दो गुटों के बीच खूनी झड़प हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर पथराव व लाठी डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्षों के दर्जन भर से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है। मारपीट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के बाद से ही गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया।



**यमुनानगर।** गांव लापरा में हुए दो पक्षों के बीच खूनी झड़प के बाद घायल अस्पताल में उपचाराधीन। फोटो : हरिभूमि

> कलानौर चौकी प्रभारी परमवीर सिंह का कहना है कि गांव में झगड़े की सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंची हैं। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार गांव लापरा निवासी 19 वर्षीय राकिब के साथ दूसरे पक्ष से सादीन, साहिल व परवेज की रंजिश चल रही है। कुछ दिन पहले क्रिकेट खेलते समय इनका झगड़ा हो गया था। बताया जा रहा है कि इसी रंजिश में दो दिन पहले आरोपी सादीन, साहिल व अन्य ने राकिब का अपहरण कर लिया। उसे जंगल में लेकर गए। जहां उसके साथ जमकर मारपीट की। रविवार को वह अपने घर पहुंच गया। उसने अपने परिजनों को इस बारे में बताया तो उसके पिता सुलेमान व अन्य परिवार के लोग आरोपियों के घर पर इस बारे में बात करने के लिए गए। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस होने लगी। देखते ही देखते उनमें गाली गलौज शुरू हो गई और दोनों पक्ष आमने सामने हो गए। मामला बढ़कर झगड़े तक आ गया। दोनों ओर से ईंटें व लाठी डंडे चले। जिसमें दोनों पक्षों के दर्जन भर से अधिक लोग घायल हो गए। मारपीट की सूचना मिलते ही कलानौर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

### लोगों ने शांत कराया

इस दौरान गांव के मोजिज लोगों की सहायता से लोगों को समझ कर शांत किया गया। सुरक्षा के एहतियात से गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। उधर घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी।

## बारिश होने से तापमान गिरा, निचले इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान

# दोपहर तक यमुनानगर में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश, गर्मी से राहत

- बारिश के बाद जिले का तापमान घटकर अधिकतम 28 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रह गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले करीब एक सप्ताह से जिले में गर्मी की तपिश झेल रहे लोगों को सोमवार को दोपहर तक कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश ने राहत दिलाई। मगर बारिश होने से जगाधरी समेत कई नीचले इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान रहे। आलम यह रहा कि जगाधरी की कई सड़कों व गलियों में दो से तीन फुट पानी भरने से लोग परेशान रहे। वहीं, बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

सोमवार सुबह आसमान में घने बादल छा गए और छह बजे के करीब बुंदाबांदी शुरु हो गई। इसके कुछ देर बाद जिले में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश शुरु हो गई। जगाधरी में तेज बारिश होने से गलियों व सड़कों समेत कई नीचले स्थानों पर पानी भर गया। आलम यह रहा कि जगाधरी की कई गलियों व सड़कों पर दो से तीन फुट पानी भर गया और लोगों को अपने घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। स्थानीय निवासी रामपाल, मोहित कुमार, सतबीर सिंह, विरेंद्र कुमार, जसपाल सिंह व कुलबीर सिंह आदि ने बताया कि थोड़ी सी बारिश भी अब लोगों के लिए आफत बनने लगी है। बारिश का मौसम शुरु होते ही जगाधरी समेत ट्विन सिटी के कई नीचले इलाकों में बारिश का पानी आफत बनने लगा है। वहीं, नगर निगम द्वारा बार बार जलभराव नहीं होने देने के दावे किए जाते हैं। मगर जब भी बारिश होती है तो नीचले इलाकों में पानी भर जाता है। सड़कों व गलियों में से निकलना दुर्भर हो जाता है। उन्होंने सरकार से बारिश के होने पर हो रहे जलभराव का स्थाई समाधान की मांग की।



यमुनानगर के जगाधरी में नीचले इलाकों में सड़कों पर भरे पानी के बीच से गुजरते हुए वाहन।

### यमुना में घट बढ़ रहा जलस्तर

बारिश से हथनीकुंड बैराज पर यमुना नदी का जलस्तर घट बढ़ रहा है। हथनीकुंड बैराज के सूत्रों के मुताबिक हथनीकुंड बैराज पर सोमवार सुबह 10 बजे जलस्तर जहां 37 हजार 442 क्यूसिक था। वहीं, शाम को जलस्तर बढ़कर 41 हजार क्यूसिक तक पहुंच गया जो अभी सामान्य से भी कम है।



### कुरुक्षेत्र में दिनभर जारी रही बूंदाबांदी

कुरुक्षेत्र। उमस व गर्मी से जूझ रहे लोगों को सोमवार वर्षा के बाद राहत मिली। लोगों ने इसका जमकर लुत्फ उठाया। किसानों की भी बांछे खिल गई। तापमान भी गिर गया और सायं के समय मौसम खुशगवार बन गया। जबकि बाजारों में भी रौनक लौट आई। वहीं सप्ताहभर आसमान पर बादल छाए रहने व वर्षा होने की संभावना बनी हुई है। सोमवार सुबह से ही मौसम सुहाना बना रहा। आसमान पर काले बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी हुई। गर्मी से अस्त व्यस्त लोगों के जीवन की गाड़ी वर्षा के बाद फिर से पटड़ी पर चल पड़ी। वहीं सायं के समय बाजारों में भी रौनक लौट आई। मौसम खुशगवार होने पर सायं के समय ब्रह्मसरोवर व पार्कों में लोगों की चहल-पहल बढ़ गई। जबकि वर्षा से किसानों की बांछे भी खिल उठी। कई दिनों से वर्षा की बाट जोह रहे किसानों को सोमवार वर्षा की सौगात मिली। खासकर धान की फसल के लिए यह वर्षा काफी लाभकारी साबित होगी, जिसके बाद फसल तेजी से बढ़ेगी और खेतों में पानी छोड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिला में सोमवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



**कुरुक्षेत्र।** बूंदाबांदी का आनंद लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि



## कुरुक्षेत्र विवि ने किया चार संस्थानों से एमओयू

- शिक्षार्थी सहायता केन्द्र की स्थापना के लिए अहम कदम
- रोजगार उन्मुखी ड्यूल डिग्री कार्यक्रम में दाखिला लेकर छात्र आत्मनिर्भर होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र द्वारा शिक्षार्थी सहायता केंद्र बनाने हेतु श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय (एसवीएसयू), दुधोला, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, प्रेम नगर, भिवानी (मानव संसाधन), जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद, मानव संसाधन तथा सनातन धर्म महाविद्यालय, अंबाला छावनी (मानव संसाधन) के बीच समझौता किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सीडीओई) द्वारा चलाए जा रहे रोजगार उन्मुखी ड्यूल डिग्री कार्यक्रम में दाखिला लेकर छात्र आत्मनिर्भर होंगे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सीडीओई) के माध्यम से जो छात्र एमओयू संस्थानों में अपनी कक्षाएं लगाएंगे वे ड्यूल डिग्री प्रोग्राम में भी दाखिला ले सकते हैं। एक डिग्री किसी भी विश्वविद्यालय में नियमित तथा दूसरा पाठ्यक्रम ऑनलाइन कर सकते हैं। इससे हरियाणा के दूर दराज क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों को जहां एक और उन्हीं के क्षेत्रों में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से पीसीपी की कक्षाएं लगाने के लिए संबंधित संस्थान में व्यवस्था होगी इसके साथ ही वहीं पर दूसरी ओर कुवि का दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र ग्रामीण आंचल के छात्रों को उनके मनपसंद पाठ्यक्रम के लिए सभी सुविधाओं सहित उनके क्षेत्र में पंहुचेगा।

इस अवसर पर दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केन्द्र की निदेशिका प्रो. मंजुला चौधरी ने बताया कि जिन संस्थानों से कुवि का एमओयू हुआ है उन संस्थानों के शिक्षकों को पीसीपी कक्षाएं लेने के लिए अनुभव सांझा करने का अवसर प्राप्त होगा।

## नरवाना ब्रांच नहर में डूबने से बुजुर्ग महिला की मौत

**कुरुक्षेत्र।** नरवाना ब्रांच नहर में डूबने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला का शव बटेड़ा हेड के समीप बरामद हुआ। गोताखोर प्रगट सिंह ने शव को नहर से बाहर निकालकर पुलिस को सौंपा। मृतक महिला की पहचान करीब 60 वर्षीय जगीरो देवी निवासी अहरेवा गांव जिला यमुनानगर के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग महिला जगीरो देवी पिछले 4 दिन से लापता थी। परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। परिजनों ने गोताखोर प्रगट सिंह से संपर्क किया था। गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे उनको राहगीरों ने सूचना दी कि बटेड़ा हेड के पास किसी महिला का शव नहर में फंसा है। सूचना पाकर वे अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर आए और शव को बाहर निकालकर पुलिस को सूचित किया। चार दिन से यमुनानगर का परिवार उनके साथ संपर्क में था।

## तीन माह से वेतन न मिलने पर एचएसवीपी कर्मचारियों का प्रदर्शन

- थाली बजाओ सरकार जगाओ आंदोलन चलाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सफाई व बागवानी कर्मचारियों ने तीन महीने से वेतन न मिलने के विरोध में थाली बजाओ – सरकार जगाओ आंदोलन शुरू किया। सोमवार को कर्मचारी एचएसवीपी कार्यालय से जुलूस निकालते हुए पेट्रोल पंप चौक तक पहुंचे और अपना विरोध प्रकट किया। प्रदर्शन का नेतृत्व सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर, एचएसवीपी स्टाफ यूनियन के जिला प्रधान गुरविंद्र सिंह और सचिव सुल्तान सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई से सेक्टरों में सफाई कार्य ठप है क्योंकि किसी कंपनी को ठेका नहीं दिया गया और कर्मचारियों को हटाकर वेतन भी नहीं दिया जा रहा। नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक समस्या हल नहीं होती, सुबह 9 से शाम 5 बजे तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन में बलबीर सिंह, सेवा राम बड़सर, सुभाष चंद्र, गुरुचरण सिंह, कृष्ण, सतपाल सिंह, धीरज रावत, दीक्षित सिंहमार, सीता, ममता, बाला व अन्य कर्मचारी शामिल रहे।



**आयोजन** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में संत सम्मान सम्मेलन, नामों संतों ने की हिस्सेदारी

# केवल अध्यात्म से ही मिलेगा विश्व शांति का मार्ग, जीवन में उन्नति करने के लिए राजयोग सीखना बेहद जरूरी

- धर्म संवाद का विषय अध्यात्म द्वारा सनातन संस्कृति की स्थापना पर चर्चा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

8अंबाला शहर के जग्गी कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राजयोग केंद्र संचालिका राजयोगिनी बीके दिव्या दीदी और राजयोगिनी बीके मीरा दीदी के नेतृत्व में विराट संत सम्मान सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें उदार हृदय महासंतों एवं विचारकों का विशेष आह्वान किया गया। इस विराट संत सम्मेलन में धर्म संवाद का विषय अध्यात्म द्वारा सनातन संस्कृति की स्थापना पर चर्चा व भगवान की श्रीमत पर अद्भुत नव प्रकाश डालना रहा। संतों ने जीवन में आध्यात्म की पुर्नस्थापना के लिए ब्रह्माकुमारीज संस्थान के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। सभी संतों ने एक स्वर में भारत को स्वर्णिम बनाने और विश्व में शांति स्थापना के लिए संकल्प लिया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दिव्या दीदी ने कार्यक्रम में मौजूद सभी महानुभूतियों का धूमधाम से स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य वक्ता माउंट आबू से पधारे अंतर्राष्ट्रीय संयोजक राजयोगी बीके रामनाथ भाई ने कहा आचार्यों, महामंडलेश्वरों व साधु संतों के त्याग, तपस्या और पवित्रता से ही भारत महान बना है। इस समय भारत को विश्व गुरु माना जा रहा है। उन्होंने बताया जॉर्डन में एंबेसी थीद्ध। वहां एक माता माउंट आबू में दो तीन दफा आई। उनका बेटा हरिद्वार में योग सीखने जा रहा था। उन्होंने हमें मेल किया कि हमारे बेटे को आप राजयोग सिखाओ। केवल भारत नहीं बल्कि सारा विश्व योग-राजयोग सीखना चाहता है। सारा विश्व कहता है कि हमारे जीवन में आध्यात्मिकता की कमी है। उन्होंने कहा कि यदि जीवन में उन्नति चाहते हों तो केवल पांच सेकेंड ब्रह्माकुमारीज में राजयोग सीखो। राजयोग बहुत सहज है। जितनी भी आपकी बुद्धि भटकती है, स्थिर हो जाएगी। यह कोई चमत्कार नहीं है, विधि है। वक्ता राजयोगिनी बीके लक्ष्मी दीदी ने कहा देश सबकी मदद करता है। कोरोना में भी अन्य देशों द्वारा वैक्सीन ना मिलने पर भारत ने खुद की दो तरह की वैक्सीन बनाई। उस वैक्सीन को लगभग 100 देशों में मुफ्त में वितरित कर उनकी मदद की। सनातन संस्कृति पशुओं को बहुत प्रेम करती है उन्होंने कहा कि समाज को ऊपर उठाने का काम हमारा संत समाज कर सकता है। भले ही हमारी पूजा की विधि भाषा अलग-अलग हो सकती है, लेकिन हम सब एक पिता की संतान है। आचार्य महामंडलेश्वर कमल किशोर, ने कहा इंसान अपना वास्तविक परिचय नहीं जानता हमने ब्रह्माकुमारीज में यही सीखा की आत्मा के जो गुण है। वह परमात्मा से मिलते हैं। ओम शांति का जो मंत्र है वह महामंत्र है।

आचार्य स्वामी राजेश्वरानंद महाराज ने कहा भगवान कहते हैं पहले खुद को जानो। यह दुनिया तीन गुणों से बनी है। रज तम सत। अगर अपने सत गुण को धारण कर लोगे तो दुनिया के दुखों से मुक्ति मिल जाएंगी। सरदार ज्ञानी शेर सिंह ने कहा जिसको ब्रह्म दृष्टि होती है उसे किसी में कोई त्रुटि नजर नहीं आती।





**अंबाला।** सम्मान समारोह में मौजूद संत व लोग। फोटो : हरिभूमि

## मानसिक रूप से परेशान महिला ने ट्रेन से कटकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मानसिक रूप से परेशान महिला ने पांसरा फाटक के पास ट्रेन के आगे खुद कर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान पुराना हमीदा क्षेत्र स्थित खड्डा कॉलोनी निवासी 39 वर्षीय संतोष के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि महिला का पति सात साल पहले उसे छोड़कर चला गया था। जिसके बाद से महिला मानसिक रूप से परेशान चल रही थी।

जानकारी के अनुसार शहर की खड्डा कॉलोनी निवासी संतोष मानसिक रूप से काफी समय से परेशान चल रही थी। उसके पति ने करीब सात वर्ष पहले उसे छोड़ दिया था और तब से वह अपने बेटे और बेटी के साथ अकेली रह रही थी। संतोष पिछले कुछ दिनों से ज्यादा तनाव में थी और अपने जीवन को लेकर अक्सर चिंतित रहा करती थी। दोपहर को वह बिना कुछ बताए घर से निकली और पांसरा फाटक के पास जाकर ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची । जीआरपी ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

उधर, जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और मृतका के परिवार के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। प्रथम दृष्टि से मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि जांच पूरी होने के बाद ही अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचा जाएगा।



**यमुनानगर।** ट्रेन से कटकर महिला द्वारा आत्महत्या करने के मामले में कार्रवाई करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### हसनपुर रोड पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**घरौंडा।** शहर के हसनपुर रोड पर पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर करनाल भेज दिया है। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के लिए मर्चरी हाउस में रख दिया है। अगर 72 घंटे में शव की शिनाख्त नहीं पोस्टमार्टम करवा कर अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

सोमवार को एक राहगीर ने हसनपुर रोड पर स्थित रब्जाहे में एक व्यक्ति का शव तैरते हुए दिखाई दिया। राहगीर ने शव होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त के आसपास के लोगों से पूछताछ भी की, लेकिन शव बुरी तरह से सड़ चुका था, इसलिए शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए मर्चरी हाउस में रखवा दिया है। जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया कि हसनपुर रोड पर एक अज्ञात शव होने की सूचना मिली थी। शव की शिनाख्त के लिए मर्चरी हाउस में रख दिया है। अगर शव की शिनाख्त नहीं होती तो 72 घंटे बाद पोस्टमार्टम करवा कर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### राष्ट्रीय ध्वज अंगीकार दिवस समारोह आज

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय की तरफ से पंचायत भवन 22 जुलाई को सुबह 10:30 मिनट पर राष्ट्रीय ध्वज अंगीकार दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। सांसद नवीन जिंदल का तिरंगे से विशेष स्नेह है। सांसद की सोच है कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारे देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। 23 जनवरी 2004 को 13 साल की लंबी लड़ाई के बाद सांसद नवीन जिंदल ने प्रत्येक देशवासी को तिरंगा फहराने का अधिकार दिलाया था।

### हरमन सिटी रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान बने राकेश शर्मा

**कुरुक्षेत्र।** हरमन सिटी रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी की कार्यकारिणी के चुनाव में राकेश शर्मा के पैनल ने राजेंद्र कुमार मोरथला के पैनल को हराकर सभी 11 सीटों पर एक तरफा जीत दर्ज की। पदाधिकारी और कार्यकारिणी के चुनाव में प्रधान पद के लिए राकेश शर्मा को 114 और राजेंद्र कुमार को 67, उप प्रधान पद के लिए रघबीर सिंह गिल को 112 बृज मोहन भारद्वाज को 66, महासचिव पद के लिए रघुबीर सिंह आर्य को 127 और गुलाब सिंह को केवल 54, कोषाध्यक्ष पद के लिए पंकज गौड़ को 120 और योगेश कुमार को 60 मत प्राप्त हुए। ये जानकारी देते हुए नवनिर्वाचित महासचिव रघुबीर सिंह आर्य ने बताया कि प्रोफेसर सत देव, डॉ सुनील कुमार, साहब सिंह, शमशेर सिंह सैनी, कैलाश नाथ सैनी, महेन्द्र सिंह दरड और सूर्यप्रताप सिंह कार्यकारिणी के सदस्य चुने गए। प्रधाना ने जीत के बाद हरमन सिटी के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और हरमन सिटी में विकास करवाने और आपसी भाईचारे को बढ़ाने की बात कही।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत मोबाइल वैन को दिखाई हरी झंडी

# पौधारोपण और नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया सामाजिक शिक्षा का संदेश

यह संदेश देने की कोशिश की गई कि बेटियां परिवार का गर्व हैं और उन्हें समान अवसर दिए जाने चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** वारित्रा फाउंडेशन की संस्थापक ऐष्णा कल्याण पौधरोपण करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

महिला एवं बाल विकास विभाग करनाल और वारित्रा फाउंडेशन की ओर से "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान और महिला केंद्रित योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु एक मोबाइल वैन को सोमवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त करनाल सोनू भट्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी कुमारी सीमा प्रसाद और अभियान की ब्रांड एंबेसडर ऐष्णा कल्याण विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का आयोजन करनाल शहरी क्षेत्र के विजय नगर से किया गया, जहाँ मोबाइल वैन को रवाना किया गया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता राजबाला मोर, संतोष गिरधर, मीना रतन, सुमन, पूनम, गुरुद्वारा संचालक अवतार सिंह और वारित्रा फाउंडेशन के सह-संस्थापक बलजीत यादव भी मौजूद रहे।

**महिलाओं को सशक्त बना चुकी है वारित्रा फाउंडेशन:** वारित्रा फाउंडेशन की संस्थापक ऐष्णा कल्याण ने बताया कि फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को सशक्त बनाना है। संस्था अब तक 3000 से अधिक महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बना चुकी है।

**13 गांवों में 8 दिन चलेंगी जागरूकता वैन:** जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा प्रसाद ने जानकारी दी कि 21 से 27 जुलाई तक यह मोबाइल वैन कुल 13 गांवों में जाएगी, जिनमें 1 शहरी और 6 ग्रामीण खंडों के प्रत्येक से 2-2 गांव शामिल हैं। शुरुआत विजय नगर (शहरी खंड) से की गई है, जो निसिंग खंड के घोघड़ीपुर और सिघड़ा गांव तक पहुंचेगी।

**बेटी वाली माताओं को किया गया सम्मानित:** कार्यक्रम के अंत में बेटी को जन्म देने वाली 5 माताओं को सम्मानित किया गया और उन्हें पुरस्कार प्रदान किए गए। इससे यह संदेश देने की कोशिश की गई कि बेटियां परिवार का गर्व हैं और उन्हें समान अवसर दिए जाने चाहिए।

### पौधरोपण कर किया शिक्षा के लिए प्रेरित

कार्यक्रम में बेटी के नाम पर पौधारोपण किया गया और "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" विषय पर एक प्रेरणादायक नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिससे लोगों को सामाजिक संदेश देने का प्रयास किया गया।

### सोच बदलने की जरूरत पर जोर

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि "प्राचीन काल में बेटों को इसलिए महत्व दिया जाता था क्योंकि वे खेती, युद्ध और संपत्ति के वारिस होते थे, लेकिन अब यह सब परिस्थितियाँ बदल चुकी हैं। ऐसे में लोगों की सोच में बदलाव लाना जरूरी है।" उन्होंने उपस्थित जनता से सामाजिक मानसिकता बदलने की अपील की और कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ शपथ दिलाई।


**तरावड़ी।** सेवादार भंडारा वितरित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# शिवरात्रि पर दो दिन का विशाल कांवड़ शिविर शुरू

- शिव भजनों पर भोले बाबा के के भक्त मस्ती मे झूमें
- भंडारे का शुभारंभ शिव बाबा पूजा अर्चना के बाद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

शिव शंकर सेवा मंडल की ओर से सावन की शिवरात्रि के अवसर पर अनाज मंडी गेट एक पर दो दिन विशाल कांवड़ शिविर लगाया गया। भंडारें का शुभारंभ शिव बाबा पूजा अर्चना के बाद किया गया। इस भंडारें मे मंडी के आढती, मुनीम, व शहर के सैंकडों लोगों भंडारा रूपी प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंडल के प्रधान दुर्गेश मित्तल ने बताया कि इस शिविर मे कांवडियों के लिये भोजन प्रसाद, व्रत का भोजन, दवाईयां व रात को ठहरने का विशेष प्रंबध किया गया। प्रधान ने सदस्यों की शिविर मे सदस्यों की डयूटियां लगाई गई थी। इस दो दिन अटूट विशाल भंडारा भी लगाया गया। बताते चले कि शिव शंकर सेवा मंडल की ओर से सावन की शिवरात्रि के अवसर पर अनाज मंडी गेट एक पर दो दिन विशाल कांवड़ शिविर लगाया गया। भंडारें का शुभारंभ शिव बाबा पूजा अर्चना के बाद किया गया।इस मौके पर सरंक्षक सुभाष गर्ग, अध्यक्ष दुगेश मित्तल, उपाध्यक्ष गौरव बंसल, प्यारा लाल काठपाल, बनवारीलाल काठपाल, मदन अरोड़ा, सुरेश बंसल, राजकुमार खुराना, मदन कक्कड़, नरेंद्र काठपाल, चीनू मित्तल, दीपक कुमार, नरेंद्र कुमार के इलावा सभी मेंबर मौजूद थे।

# लायंस क्लब करनाल रॉयल द्वारा बच्चों की आंखों की जांच शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



लायंस क्लब करनाल रॉयल द्वारा गुरु नानक पुरा स्थित सी.एल. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में बच्चों की आंखों की मुफ्त जांच के लिए शिविर आयोजित किया गया। क्लब के सचिव जस अली सिंह व सोम कुमार वोहरा की देखरेख में आधुनिक उपकरणों से कुल 400 बच्चों की आंखों की जांच की गई। इनमें से 73 बच्चों में आंखों की कमजोरी पाई गई, जिन्हें आगे इलाज के लिए निशुल्क परामर्श और सहायता दी जाएगी।

इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य जसविंद्र सिंह ने बताया कि लायंस क्लब समय-समय पर शहर के विभिन्न स्कूलों में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाता रहता है, ताकि बच्चों की शुरुआती स्वास्थ्य समस्याओं को समय रहते पहचाना जा सके। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को पोषणयुक्त आहार दें, जैसे मछली और हरी सब्ज़ियाँ, और जंक फूड से दूर रखें। साथ ही बच्चों को मोबाइल और टीवी का सीमित उपयोग करने की सलाह दी ताकि उनकी आंखों की रोशनी प्रभावित न हो। शिविर में स्कूल के प्रबंधक दिलबाग सिंह जागलान, निदेशक बबली जागलान और संरक्षक दलीप सिंह मेहला ने सहयोग किया।

### खाद संकट पर भाजपा सरकार को घेरा



**करनाल।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के वरिष्ठ नेता जयपाल पुनिया ने प्रदेशभर में चल रही खाद की भारी किल्लत को लेकर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि किसानों को आवश्यक उर्वरक समय पर न मिलना सरकार की कृषि विरोधी नीति को दर्शाता है। पुनिया ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द समाधान नहीं किया गया, तो इनेलो सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां किसानों को आर्थिक रूप से कमजोर करने वाली हैं। पुनिया ने मांग की कि प्रशासन सभी कृषि केंद्रों पर खाद की आपूर्ति सुचारू करे और कालाबाजारी पर सख्ती से अंकुश लगाए।

# मानदेय में देरी को लेकर मिड डे मील वर्कर्स ने किया जोरदार प्रदर्शन,

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



मिड डे मील वर्कर यूनियन ने सोमवार को फव्वारा पार्क में जोरदार रैली करते हुए अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। जिला प्रधान शिमला देवी की अध्यक्षता में हुई रैली का संचालन जिला कैशियर ओपी माटा ने किया। रैली के बाद प्रदर्शन करते हुए यूनियन कार्यकर्ता स्थानीय विधायक जगमोहन आनंद के निवास स्थान पर पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान यूनियन नेताओं ने बताया कि मिड डे मील वर्करों को लंबे समय से मानदेय नहीं मिला है और सरकार उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रही। यूनियन ने घोषणा की कि 3 अगस्त को पानीपत में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के निवास पर राज्य स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें करनाल से सैकड़ों वर्कर भाग लेंगी।यूनियन ने अपनी मांगों में 12 महीने का नियमित वेतन, सेवा समाप्ति की आयु 65 वर्ष, 2000 वर्दी भत्ता, सेवानिवृत्ति पर 2 लाख और मृत्यु होने पर 5 लाख की सहायता राशि की मांग रखी। इसके अतिरिक्त 26,000 न्यूनतम वेतन देने की मांग भी प्रमुख रही। उन्होंने स्कूल बंद करने और बीपीएल कार्ड रद्द करने जैसी सरकार की नीतियों की भी निंदा की।




### हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने दिया धरना

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक थानेश्वर के कर्मचारियों ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जिसकी अध्यक्षता खंड प्रधान रणधीर सिंह ने की। धरने का संचालन खंड सचिव बलजीत सिंह ने किया। धरने में जिला के प्रधान वीरेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। धरने को संबोधित करते हुए खंड प्रधान रणधीर सिंह ने बताया कि शिक्षा नीति 2020 की आड़ में केंद्र व राज्य सरकार लगातार सार्वजनिक शिक्षा के ढांचे को सिकोड़ रही है। मानी गई मांगो को लागू न करके बार-बार वादाखिलाफी कर रही है। प्रत्येक गाँव में एसएमसी की एक यूनिट बनाने के बहाने लगभग 5 हजार सरकारी स्कूलों के मर्जर की ब्यूरचना रची जा रही है। उन्होंने बताया कि कि रूल 2012 के अनुसार हरियाणा सरकार 50% अंकों की आड़ में अध्यापकों को एसीपी प्रदान नहीं कर रही है, जबकि काफी शिक्षकों की नियुक्ति इन नियमों के लागू होने से पहले की है। अतः स्पष्ट है कि इन नियमों की आड़ में हरियाणा सरकार एसीपी नहीं देना चाहती जो कि अध्यापकों के साथ सरासर अन्याय है।

# आर्य समाज पर हमले के विरोध में करनाल में रोष प्रदर्शन, दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल


**करनाल।** महर्षि दयानंद चौक पर जोरदार रोष प्रदर्शन करते आर्य समाजी।

पानीपत के बापौली गांव में यज्ञ के दौरान आर्य समाज कार्यकर्ताओं पर हुए हमले के विरोध में करनाल की सभी आर्य समाज संस्थाओं ने महर्षि दयानंद चौक पर जोरदार रोष प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन आर्य केन्द्रीय सभा के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों आर्य समाज कार्यकर्ता शामिल हुए।

सभा के प्रधान प्रो. आनंद सिंह आर्य ने कहा कि वेद मंत्रों के उच्चारण के दौरान हमला होना हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला है। सभा के महामंत्री स्वतंत्र कुकरेजा ने इस घटना को वैदिक संस्कृति और यज्ञ पर हमला करार दिया और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

महिला विंग की प्रमुख कौशल सचदेवा और विदुषी अमर कौर ने कहा कि यदि आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और उग्र होगा। प्रदर्शन में ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आर्य समाज कार्यकर्ता पहुँचे। सभी ने एक स्वर में प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की।


**पिहोवा।** श्रीसंगमेश्वर धाम में पूजा अर्चना करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी व अन्य।

### श्रीसंगमेश्वर धाम पूजा करने पहुंचे कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी

**पिहोवा।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को लेकर श्री संगमेश्वर धाम अरूणाय में भगवान संगमेश्वर की पूजा अर्चना को लेकर पूरा दिन श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा लगा रहा। श्रद्धालुओं ने नाना विधियों से भगवान शिव का पूजन कर अपने परिवार के सुखमय जीवन की कामना की। इसी श्रृंखला में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने अपने पुत्र गौरव बेदी सहित संगमेश्वर धाम पहुंचकर पूजा अर्चना की। पूजा का कार्य विद्वान पंडितों द्वारा संपन्न करवाया गया। तत्पश्चात उन्होंने महंत विश्वनाथ गिरी व थानापति धीरज पुरी का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया।

# कल्याण ने युवाओं से एआई स्किल्स विकसित करने को किया प्रेरित

- शिव भजनों पर भोले बाबा के के भक्त मस्ती मे झूमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



कोशेंट स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी के दस वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन।

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि भारत का भविष्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे उभरते हुए क्षेत्रों में युवाओं की भागीदारी पर निर्भर है। वे करनाल स्थित कोड कोशेंट स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी के दस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित /"ए डिकेड ऑफ इम्पैक्ट/" कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक विकसित भारत का जो सपना देखा गया है, उसे साकार करने के लिए युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना आवश्यक है। कार्यक्रम में उन्होंने अपने राजनीतिक सफर को भी एक स्टार्टअप के रूप में वर्णित किया, जहां समाज की सेवा को ही मूल उद्देश्य बताया। समारोह में बीपीएस महिला विश्वविद्यालय सोनीपत की कुलपति डॉ. सुदेश छीकरा और गुरुग्राम नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त यश जालुका विशिष्ट अतिथि रहे। यश जालुका ने कहा कि भारत एआई के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और छात्रों को स्कूल स्तर से ही इसकी समझ देना जरूरी है। कोड कोशेंट के संस्थापक अरुण गोयत ने कहा कि भारत का भविष्य छोटे शहरों से निकलने वाले बड़े विचारों पर आधारित होगा। आयोजन में नीति-निर्माताओं, शिक्षाविदों, समाजसेवियों व युवाओं ने भाग लिया।

**आयोजन** | अग्रवाल धर्मशाला में शहर की सुख-समृद्धि के लिए की गई प्रार्थना

श्रीमद् भागवत कथा में सुदामा जी का पावन चरित्र श्रवण करवाया

# भगवान अमीरी और गरीबी नहीं देखते अपने भक्त को हृदय से लगाते हैं : कथा व्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी


**तरावड़ी।** कथा व्यास कृष्ण जी मंच से कथा सुनाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*


**तरावड़ी।** कथा मे उपस्थित महिलायें व पुरूष श्रद्धालुगण *फोटो : हरिभूमि*

अग्रवाल धर्मशाला में शहर की सुख-समृद्धि और शान्ति सद्भावना के लिए सभी शहरवासियों के सहयोग से चल रही श्री मद्भागवत कथा में आज सातवें दिन की कथा वाचक कृष्ण शास्त्री जी ने अपनी मधुर वाणी से कि श्रीमद् भागवत कथा में सुदामा जी का पावन चरित्र श्रवण करवाया । अगर प्रेम और भक्ति जीवन में है तो भगवान अमीरी और गरीबी नहीं देखते उसे अपने हृदय से लगा लेते। सुदामा जी कृष्ण के बचपन के सखा हैं गरीब हैं लेकिन दरिद्रता नहीं है जितेंद्रिय हैं। 4 मु_ी चावल लेकर द्वारकाधीश से मिलने गए भगवान ने एक मु_ी चावल खाया और सुदामा जी को कुबेर का खजाना दे दिया इतने दयालु हैं भगवान। जीवन में कभी किसी दूसरे का हक नहीं खाना चाहिए नहीं तो जीवन में निर्धनता आती है। सुदामा कृष्ण की मनमोहक झांकियों ने सभी भक्तजनो का मन मोह लिया। आज विराम कथा में राजा नृग का चरित्र भक्तों ने श्रवण किया, और परीक्षित राजा ने गुरुदेव शुकदेव से 7 दिन कथा सुनी फिर तक्षक नाग ने काटा और शरीर छूट गया पर आत्मा परमात्मा में विलीन हो गईं। भजन ही मानव जीवन का का सार है, 84 लाख योनियों में मनुष्य ही भजन कर सकता है, इसीलिए भजन से ही कल्याण होगा, जीव की सद्गति भगवन नाम से ही होगा। कलयुग में भवसागर से पार होने का सुगम मार्ग है भगवन्नाम जप। आज की कथा में जय प्रकाश भारद्वाज, संजय बंसल, पवन मंगल, कमलेश गुप्ता, रणजीत भारद्वाज, रमेश गुप्ता, सुरिंदर छाबड़ा, मोहन लाल गर्ग, प्रदीप कुमार, अशोक गोयल, पवन गुप्ता, सुभाष चन्द्र, पवन प्रजापति, गंगा राम, राजेश जैन, राम मूर्ति देवी, नीलम रानी, कुसुम गोयल, पूर्णा रानी, मीरा कुमारी, ज्योति, भावना, उषा रानी, आशा गिरधर, मुन्नी बाला, शीला, साहित श्रद्वालु उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

### कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर निरीक्षण किया

**पानीपत।** धार्मिक आस्था के प्रतीक शिवरात्रि के पर्व को लेकर हरिद्वार के रास्ते पानीपत में प्रवेश करने वाले कावड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका जायजा लेने के लिए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया व पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने सोमवार को सनौली रोड का दौरा किया और कावडियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसकी जानकारी ली और कावडियों के लिए संचालित किया जा रहे शिविरो का मुआयना भी किया।

### विद्यार्थियों को बांटे 530 पौधे

**समालखा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव किवाना में स्कूल की प्राचार्या रजनी बाला जैन की देखरेख में वन विभाग समालखा से पेड़ पौधे मंगवाए गए। इस योजना के इन्चार्ज श्रीकांत प्राध्यापक रासायनिक विज्ञान ने बताया कि 530 पौधों में जामुन, तुलसी, शुगर फ्री, अमरुद, इमली, कनेर, अंगूर आदि शामिल हैं। इस अवसर पर समाजसेवी मदनपाल छौक्कर, सूबे सिंह, विनोद गोयल, मदन लाल शास्त्री, रितु, सरोज बाला, कपिल, बलदेव, शमशेर व पूनम आदि उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन धन के लेन देन में सावधानी बरतें

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने साइबर अपराध पर जानकारी देते हुए बताया कि तकनीकी के इस युग में हर कोई मोबाइल कंप्यूटर से जुड़ा हुआ है। इंटरनेट की इस दुनिया में साइबर अपराधी भी तरह तरह हथकंडे अपनाकर लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी की वारदातों का अंजाम दे रहें है। फेसबुक के माध्यम से फ्रेंड बनकर वॉट्सअप के माध्यम से वीडियों कॉल कर न्यूड वीडियों बना ब्लैकमेल करते है। साइबर अपराधियों से बच कर रहें।

### कष्ट निवारण को बैठक 25 को

**पानीपत।** जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आगामी 25 जुलाई को जिला सचिवालय के सभागार में दोपहर एक बजे आयोजित की जाएगी जिसकी अध्यक्षता सामाजिक एवं अधिकारिता न्याय मंत्री कृष्ण बेदी करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने दी।

### श्याम बाबा का गुणगान किया

**समालखा।** चुलकाना धाम में बाबा की महिमा का गुणगान किया। वहीं गायकों को आयोजनकर्ताओं की ओर से स्मृति चिन्ह बाबा की प्रतिमा देकर मदन शर्मा पूर्व सरपंच चुलकाना धाम, देवेंद्र पुजारी, प्रवीन छौक्कर व सोनू शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। कीर्तन के साथ-साथ विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया था।

### कांवड़ियों की सेवा पुण्य कार्य

**पानीपत।** न्यू पानीपत टेंट हाउस वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सनौली रोड पर सातवां कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कांवड़ियों को भोजन प्रसाद, चिकित्सा एवं आवास की सुविधा दी जा रही है। एसोसिएशन के चेयरमैन महेश दत्त शर्मा, प्रधान विशाल मंगला, महासचिव दिनेश मित्तल, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ, उप प्रधान सतीश सैनी, रोहतास , सह सचिव सुरजीत सिंह कांवड़ियों की सेवा में जुटे हुए हैं।

### चोरी का माल खरीदने वाले कबाडी पकड़े

**पानीपत।** बीएसएनएल की भूमिगत केबल चोरी करने वाले गिरोह के आरोपियों से चोरी की केबल खरीदने वाले तीन आरोपी कबाड़ियों को सीआईए टू पुलिस ने दिल्ली के सीलमपुर निवासी राजीव वर्मा, सगीर व रियासत अली से गिरफ्तार किया। वहीं, तीनों कबाड़ी आरोपियों ने पूछताछ में चोरी की केबल खरीदने बारे स्वीकारा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बचे 1 लाख 75 हजार रुपये व वारदात में प्रयुक्त 2 पिकअप गाड़ी बरामद की है। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में बीएसएनएल के अधिकारी जेटीओ प्रदीप की शिकायत पर केस दर्ज है।

---

### किसान यूरिया उर्वरक की किल्लत से जूझ रहे

# यूरिया नहीं मिलने से नाराज किसानों ने किया प्रदर्शन

■ किसानों ने प्रदेश सरकार व पानीपत प्रशासन से उन्हें डिमांड के अनुसार यूरिया उर्वरक दिलवाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना



**पानीपत।** पानीपत के गांव मांड़ी की कोऑपरेटिव सोसाइटी पर यूरिया नहीं मिलने से खडे नाराज किसान। **फोटो :हरिभूमि**

पानीपत जिला के किसान यूरिया उर्वरक की किल्लत से जूझ रहे है। सरकारी कोऑपरेटिव सोसाइटियों में यूरिया उपलब्ध नहीं है। इसके चलते किसान परेशान है। वहीं, गांव मांड़ी की कोऑपरेटिव सोसाइटी के सामने चार गांवों चमराड़ा, ग्वालडा, बांध व मांडी के किसानों ने यूरिया की मांग को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इधर, मांड़ी प्राइमरी एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव सोसाइटी के पूर्व प्रधान हवा सिंह ने बताया कि फसल को इस समय खाद की अत्यधिक आवश्यकता है। खाद न मिलने से किसानों को भारी नुकसान होगा।

वहीं, कई दिन पहले मतलौड़ा रेलवे स्टेशन पर खाद का रैक आया था। लेकिन अधिकतर खाद प्राइवेट एजेंसियां उठा ले गईं। केवल कुछ किसानों को ही खाद मिल पाई। सरकारी एजेंसियों में खाद की कमी का फायदा उठाकर प्राइवेट एजेंसियां मनमाने दामों पर बिक्री कर रही हैं। किसानों ने हैफेड के महाप्रबंधक को डिमांड लेटर भी दिया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। विरोध प्रदर्शन में लहणा, चमराड़ा, हरिराम ग्वालडा, बलराज सिंह मांड़ी, महावीर बांध और महेंद्र सिंह मांड़ी आदि किसानों ने भाग लिया। किसानों ने प्रदेश सरकार व पानीपत प्रशासन से उन्हें डिमांड के अनुसार यूरिया उर्वरक दिलवाने की मांग की है।

# हरियाली तीज महोत्सव 23 को होगा

■ प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की जीवनसाथी होगी मुख्याथिति



पानीपत जिला बाल कल्याण अधिकारी

■ आमज

**पानीपत।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की तरफ से राज्य स्तर पर 23 जुलाई को हरियाली तीज महोत्सव, हुडा सेक्टर 29 पार्ट 2 द गैलेक्सी बैंक्विट हॉल में मनाया जाएगा। जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने बताया कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद पहली बार राज्य स्तर पर पानीपत में हरियाली तीज महोत्सव मनाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी की धर्मपत्नी व हरियाणा राज्यबाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी शिरकत करेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में एक हजार महिलाएं प्रदेश भर से पहुचेगी। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता के निर्देश पर तैयारी भव्य की गई है, कार्यक्रम में पहुंचने वाली महिलाओं को तीज के शगुन दिए जाएंगे। आकर्षण का मुख्य केंद्र हरियाणवी तीज त्योहार को दिखाते कल्चर पर झांकियां व प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में स्वयं सहायता ग्रुप भी अपनी प्रदर्शनी लगाएगा।

### व्यापारी के घर से नगदी व जेवर चोरी

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 11 की न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी राकेश के घर के ताले तोड़ कर चोरों ने 1 लाख 70 हजार की नकदी, एक सोने का कड़ा, पांच सोने की अंगूठियां, सोने-चांदी के सिक्के, चांदी की पायजेब आदि सामान चोरी कर लिया। वहीं घटना के समय राकेश अपने परिवार समेत बाहर गए हुए थे। इधर, राकेश की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस व एफएसएल की टीम ने घटनास्थल की जांच।

## बाहरी कॉलोनियों में चलेगा नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नशा मुक्ति समाज सुधार समिति पानीपत के तत्वावधान में महादेव कालोनी स्थित सरकारी में नशा मुक्ति के पदाधिकारियों व कार्यकरणी सदस्यो की बैठक हुई। बैठक में समिति के अध्यक्ष राजकुमार राणा ने आरोप लगाया कि बाहरी कॉलोनियों में नशे के कारोबार व नशा करने वाले लोगो प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, जिसको रोकने के लिये स्थानीय प्रशासन के सहयोग से नशा मुक्ति समाज सुधार समिति के जागरूकता अभियान चलाएगा। बैठक समिति के उपाध्यक्ष भोपाल राठी, महासचिव सन्तोष शर्मा, मनोज गर्ग, प्रताप गुर्जर, सुरेन्द्र सैनी, मनोज चौहान, बदन सिंह यादव, राजसिंह, सुनील, सुशील राणा, मनवीर राणा आदि उपस्थित रहे।

# समालखा में भाजपाइयों ने पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



**पानीपत।** भाजपा नेता रेखा गोयल व पार्षद संजय गोयल, भाजपाइयों को पौधे बांटते हुए। फोटो : हरिभूमि

समालखा शहरी मंडल के महामंत्री रॉकी वर्मा के निवास पर समालखा नगर पालिका वार्ड एक से पार्षद संजय गोयल व समालखा शहरी मंडल अध्यक्षा एवं कष्ट निवारण समिति, जिला पानीपत की सदस्य रेखा गोयल पटका पहनाकर स्वागत किया। वहीं, संजय गोयल व रेखा गोयल के सानिध्य में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत भाजपा से जुडी महिला कार्यकर्ताओं को पौधे भेंट किए गए। वहीं, प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर कालीरामना में रॉकी वर्मा, सतबीर वर्मा, कमलेश वर्मा, आरती, पदम सोनी, बबीता सोनी प्रमिला मीनाक्षी, श्यामो, हीरा देवी, उर्मिला देवी, संगीता वर्मा, कोमल वर्मा सरोज आदि ने पौधे रोपे और नागिरकों से भी पर्यावरण को घना करने के लिए पौधे रोपने की अपील की।

# स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पीसीसी अकादमी में आयोजित कार्यशाला में भाग लेने पहुंचे युवाओं का स्वागत करते हुए अंग्रेजीविद् राजीव परुथी।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पानीपत स्थित पीसीसी अकादमी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। वहीं, मशहूर प्रेरक वक्ता राजीव परुथी ने युवाओं को आत्मनिर्भरता और सकारात्मक सोच के महत्व के बारे में प्रेरित किया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के रायु को सार्थक कुमार ने युवाओं को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। युवा स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें। लेखाकार एवं कार्यक्रम सहायक मोहित राठी ने युवाओं से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाएं। जिला युवा अधिकारी विनीत गहलावत नेबताया कि इन योजनाओं के माध्यम से हमारे युवा अपने कौशल को विकसित कर सकते है। इस अवसर पर पानीपत के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं निदेशक क्यूपीए तरुण लाहोत, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के अवॉर्डी सारथी उपमन्यु, जिला जेल पानीपत के पूर्व सुपरवाइजर पदम कुमार, सहायक सचिव नवीन कुमार व योगीराजवाई. एनजे क्लब मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# आईबी कॉलेज में यज्ञ कर नए सत्र का शुभारंभ किया



**पानीपत।** आईबी कॉलेज में यज्ञ करते हुए टीचर्स व स्टूडेंट्स। फोटो : हरिभूमि

■ नए सत्र पर यज्ञ आयोजित करना हमारे महाविद्यालय की नियमित परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी कॉलेज में यज्ञ कर नए सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के महासचिव एलएन मिगलानी, सदस्य रवि गोसाईं, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, उप-प्राचार्या डॉ किरण मदान, डॉ सुनित शर्मा, डॉ. नीलम, डॉ. पूनम मदान, डॉ. अर्पणा गर्ग, गैर-शिक्षक कर्मचारी व विद्यार्थियों ने यज्ञ में आहुतियां डाली। प्रबंध समिति के महासचिव एलएन मिगलानी ने कहा कि नए सत्र पर यज्ञ आयोजित करना हमारे महाविद्यालय की एक नियमित परंपरा है। यह एक ऐसी सात्विक क्रिया है जिससे न केवल हम सब की मंगल कामना करते हैं अपितु वातावरण की भी शुद्धि होती है। जबकि प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मालिक ने कहा कि सनातन धर्म में यज्ञ परंपरा सदियों से चली आ रही है। वहीं, अग्नि के माध्यम से ईश्वर की उपासना करने की प्रक्रिया को यज्ञ कहते हैं। यज्ञ मानव जीवन में सकारात्मकता लेकर आता है। इस अवसर पर डॉ. गुरनाम सिंह, प्रो. सोनिया, प्रो. पवन कुमार, डॉ. विक्रम कुमार, डॉ. सीमा, प्रो. अजयपाल सिंह, डॉ. सुनीता रानी, डॉ. राजेश कुमार, प्रो. कनक शर्मा, डॉ. निधि, डॉ. शर्मिला यादव, डॉ. जोगेश, प्रो. माधवी, डॉ. प्रवीण कौशिक, डॉ. निर्मला, डॉ. स्वाति पुनिया, डॉ. भगवंत कौर, प्रो. हिमांशी, प्रो.खुशबू, डॉ. नेहा पुनिया, डॉ. मोनिका वर्मा, डॉ. अंजलि, डॉ. पूनम गुप्ता, डॉ. ज्योति गहलोट, प्रो. संगीता ने आहुति डालकर संभागिता की।

### गुदगुदी जंक्शन समूह ने संगीतमयी कार्यक्रम का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित एक निजी होटल में रविवार सायं संगीतमयी कार्यक्रम पल पल दिल के पासञआयोजित किया गया। जानकारी देते हुए प्रचार प्रसार प्रमुख श्याम जुनेजा ने बताया कि संरक्षक जितेंद्र बंसल की सरपरस्ती और संस्थापक अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला, समाजसेवी संजीव सीकरी, सेक्टर 5 अग्रवाल सभा के प्रधान एडवोकेट सचिन गुप्ता और गगनदीप ढींगरा आशु ने मां सरस्वती प्रतिमा दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

# सामायिक कोई पंथ नहीं, आत्मा की यात्रा है

■ सामायिक वह शक्ति है जो विचारों को निर्मल बनाती है और जीवन को संतुलित करती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत की अग्रवाल मंडी के जैन स्थानक जैन प्रवचन का श्रवण करते हुए श्रद्धालुगण।

जैन समाज के लिए यह चातुर्मास एक आध्यात्मिक पर्व का रूप ले चुका है। वहीं, अरुण चंद्र महाराज अपने शिष्य मुनिवरगण सहित अग्रवाल मंडी जैन स्थानक में चातुर्मास हेतु सानंद विराजमान हैं। वहीं, अरुणचंद्र महाराज ने सामायिक की महिमा का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान महावीर की साधना का मूल संदेश अंतर्मुखी आराधना है। शरीर को सशक्त बनाना आवश्यक है, लेकिन आत्मा को सशक्त बनाना उससे कहीं अधिक जरूरी है। उन्होंने कहा कि सामायिक केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि संयम, समता और साधना का संगम है। यह आत्मा को जाग्रत करने वाली आध्यात्मिक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि साधु का जीवन स्वयं सामायिक का पर्याय है। सामायिक वह शक्ति है जो विचारों को निर्मल बनाती है और जीवन को संतुलित करती है। उन्होंने कहा कि सामायिक, संयम का प्रारंभ है, समता का अभ्यास है, अंतरात्मा की पुकार है। सामायिक की 48 मिनट की साधना में कोई बाहरी पूजा नहीं, बल्कि भीतर के देव का साक्षात्कार होता है। वहीं, सामायिक कोई पंथ विशेष की नहीं, बल्कि आत्मा की यात्रा है।

# जन सेवा का संकल्प है रोटरी क्लबः वर्मा

■ नए सत्र 2025–26 के लिए क्लब की टीम की भी घोषणा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** रोटरी क्लब पानीपत सेंट्रल के नए अध्यक्ष आर्यन वर्मा को पदभार सौंपते हुए रोटेरियन व विधायक प्रमोद विज। **फोटो :हरिभूमि**

रोटरी क्लब पानीपत सेंट्रल के नए अध्यक्ष के रूप में रोटेरियन आर्यन वर्मा ने जिमखाना क्लब के गौरी मंडपम में भव्य समारोह में अपने पद की औपचारिक शपथ ली। कार्यक्रम की थीम सेवा और समर्पण रही। वहीं, नए सत्र 2025–26 के लिए क्लब की टीम की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे रोटेरियन एवं शहर से विधायक प्रमोद विज। उन्होंने नए अध्यक्ष और टीम को बधाई दी और समाज सेवा के लिए क्लब के योगदान की सराहना की। स्थापना अध्यक्ष के रूप में रोटेरियन इद्रजीत गेरा और रोटेरियन राकेश तायल उपस्थित रहे। संचालन की जिम्मेदारी रोटेरियन विवेक गर्ग एवं रोटेरियन दिनेश जैन ने निभाई। नव-निर्वाचित अध्यक्ष आर्यन वर्मा ने कहा कि रोटरी क्लब केवल एक संस्था नहीं, बल्कि सेवा का संकल्प है। वह इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का वादा करते हैं। उन्होंने आगामी वर्ष में शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के क्षेत्र में विविध सेवा परियोजनाओं की योजना की भी जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व सचिव रोटेरियन गुलशन नारंग और नवनियुक्त सचिव रोटेरियन हिमांशु सिंघल समेत क्लब के अनेक सदस्य, गणमान्य अतिथि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### खूनी संघर्ष में दो छात्र हुए घायल

■ अध्यापकों ने बीच बचाव किया और दोनों का उपचार

**इसराना।** पानीपत के गांव लोहारी स्थित राजकीय स्कूल में 11वीं कक्षा के 16 वर्षीय छात्र समीर निवासी गांव भालसी व 9वीं कक्षा के छात्र 14 वर्षीय अंश निवासी गांव लोहारी के बीच मारपीट हुई। दोनों ने एक दूसरे पर तेजधार हथियार से वार कर घायल कर दिया।

अध्यापकों ने बीच बचाव किया और दोनों का उपचार करवाया। इधर, इसराना थाना प्रभारी महिपाल ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है।

### यूनिवर्सिटी से बीफार्मेसी कोर्स में पचास कॉलेज जुड़े

# पाइट की रितिका ने बींफार्मेसी में यूनिवर्सिटी टॉप की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



**समालखा।** पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल, रितिका को सम्मानित करते हुए। **फोटो :हरिभूमि**

पाइट की रितिका ने पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेस रोहतक में बीफार्मेसी में टॉप किया है। इस यूनिवर्सिटी से बीफार्मेसी कोर्स में पचास कॉलेज जुड़े हैं। इन सभी में रितिका आगे रही। रितिका की इस उपलब्धि पर कॉलेज में उसे सम्मानित किया गया। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि रितिका ने यूनिवर्सिटी में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। रितिका की यह सफलता उनकी लगन, निरंतर परिश्रम एवं संस्थान के उच्च शैक्षणिक स्तर का प्रमाण है। फार्मेसी विभाग में प्रिंसिपल डॉ.गौरव अग्रवाल ने बताया कि फार्मेसी विभाग में सफलता की अपार संभावनाएं हैं। भारत मेडिसिन का हब बन रहा है। पूरे विश्व में भारत की इस क्षेत्र में खास पहचान है। छात्राएं भी आगे बढ़ रही हैं। फार्मेसी की पढ़ाई करके युवा अपना स्वरोजगार शुरू कर सकते हैं और नौकरियां दे सकते हैं। सम्मान समारोह में निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, डीन डॉ.जेएस सैनी, विभाग की एकेडमिक इंचार्ज डॉ.बेनू चौधरी, डॉ.देवेंद्र प्रसाद, डॉ.डेजी, डॉ.मिंकल टुटेजा आरती सोनी, क्लास इंचार्ज पलिका सहगल, शेफाली ने रितिका का बधाई व उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।




**पानीपत।** सीईटी परीक्षा को लेकर बैठक करते हुए प्रशासनिक, पुलिस व शिक्षा।

### पानीपत प्रशासन सीईटी परीक्षा के लिए तैयार

**पानीपत।** पानीपत में 26 और 27 जुलाई को प्रस्तावित कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) को लेकर जिला प्रशासन, पानीपत ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जिला में परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा के दोनों दिन अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सुरक्षा, परिवहन, स्वास्थ्य, सूचना एवं सहायता व्यवस्था सहित सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। परीक्षा में पारदर्शिता और सुचारु संचालन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीईटी की परीक्षा को देखते हुए उपायुक्त ने शनिवार का सभी शिक्षण संस्थानों में अवकाश घोषित किया है। उशनिवार व रविवार को सभी कार्यालय खुले रहेंगे। वहीं, पानीपत जिले के अभ्यर्थियों को सोनीपत जिले में परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### वरदान साबित होगा इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विवि में लगने वाला इंटर स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के लिए वरदान साबित होगा। यह उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सोमवार को स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम की आयोजक कमेटी द्वारा बनाई गई आयोजन के ब्रोशर का विमोचन करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारत के अलग-अलग राज्यों के छात्र एक साथ रहकर जहां राष्ट्रीय विचारों से ओतप्रोत होंगे वही पर दूसरी ओर उनमें देश के प्रति अखंडता का भाव जागृत होगा। उन्होंने कहा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम के मंच पर सभी प्रदेशों के छात्र सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने-अपने राज्य की सांस्कृतिक झांकी प्रस्तुत करेंगे।

### समाधान शिविर में उपायुक्त ने सुनीं समस्याएं

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर आयोजित करने का मुख्य उदेश्य लोगो की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर जल्द समाधान सुनिश्चित करना है। सभी अधिकारी इसी ध्येय के साथ लोगो की समस्याओं का निपटान करें। उपायुक्त आज अपने कार्यालय के सभागार मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे। उन्होंने समाधान शिविर मे पंहुचे प्रार्थियों कि समस्याओं को सुना और साथ ही उनकी समस्याओं को संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा निर्देशित शिविर में लोगों की समस्याएं दूरी की जा रही हैं।

### विशेष जागरुकता अभियान शुरू

**अंबाला।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष जन जागरूकता अभियान मेडिएशन फॉर दि नेशन की शुरुआत की गई है। यह अभियान देश के न्यायिक तंत्र पर बढ़ते बोझ को काम करने और जनता को त्वरित, सरल, सुलभ तथा सौहार्दपूर्ण न्याय उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थता (मेडिएशन) के महत्व को रेखांकित करता है।

### समाधान शिविर आयोजित लोगों ने रखी समस्याएं

**नारायणगढ़।** प्रशासन द्वारा सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता एसडीएम शिवजीत भारती ने की। शिविर में क्षेत्र के नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं रखीं। एसडीएम ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। शिविर में आई ज्यादातर शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया।

# नए प्राचार्यों की ट्रेनिंग खत्म

## सिखाए गए सॉफ्ट स्किल्स फॉर स्कूल लीडर्स के गुर

डीईईओ सुधीर कालड़ा ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अनुभव पर विस्तार से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** प्रशिक्षण के बाद सभी नए पदोन्नत प्राचार्य डीईईओ सुधीर कालड़ा के साथ।

डाइट मोहड़ा प्राचार्य व डीईईओ सुधीर कालड़ा के कुशल मार्गदर्शन में सोमवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन में नवपदोन्नत प्राचार्यों हेतु चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत ईश वंदना से हुई। इसके पश्चात प्रतिभागियों द्वारा पिछले दिन के कार्यक्रम की प्रतिपुष्टि प्रदान की गई।

पहले सत्र में डाइट व्याख्याता डॉ. धीरज वालिया व अजय कौशल ने सॉफ्ट स्किल्स फॉर स्कूल लीडर्स विषय पर उदाहरण सहित प्रस्तुति दी। दूसरे सत्र में व्याख्याता नीरज ढाका ने सब्सटांस यूजस्ड डिस्ऑर्डर एंड इंफ्लूएंस ऑफ ड्रगस विषय पर विस्तार से जानकारी दी। तीसरे सत्र में यादवेंद्र ने हरियाणा सिविल सर्विस रूल्स विषय पर प्रतिभागियों को जानकारी दी। अंतिम सत्र में सभी प्रतिभागियों के लिए पोस्ट टेस्ट का आयोजन किया गया।

सभी प्रतिभागियों ने 12 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान हुए अपने अनुभवों को भी सांझा करते हुए ट्रेनिंग की सार्थकता को स्पष्ट किया। प्रतिभागियों की ओर से डॉ सरिता व इंद्र सिंह रंगा ने प्रशिक्षण के सफल आयोजन के लिए न केवल पूरी डाइट टीम की जमकर प्रशंसा की बल्कि डाइट प्राचार्य व डीईईओ सुधीर कालड़ा व आईएफआईसी इंचार्ज विजेंद्र डागर का आभार व्यक्त किया।

सुधीर कालड़ा ने सभी प्रधानाचार्यों को इस प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभवों से अपने -2 कार्यस्थलों को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए प्रेरित किया। सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी रिसोर्स पर्सन तथा विशेष तौर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन के प्रधानाचार्य गुरविंदर का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डाइट से राजेश, डॉ विकास, डॉ सोनू भाटिया आदि उपस्थित रहे।

### बुक ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित

**अंबाला।** डाइट मोहड़ा अम्बाला प्राचार्य व डीईईओ सुधीर कालड़ा के कुशल मार्गदर्शन में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामबाग रोड़ अंबाला कैंट में जिला स्तर पर साइंस, गणित व सामाजिक विज्ञान हेतु 3 दिवसीय बुक ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत ईश वंदना से हुई। आईएफआईसी विंग इंचार्ज वीएस डागर ने 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की समूची रूपरेखा को सभापटल पर रखा तथा प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन सभी के अनुभवों को जानने हेतु प्री-टेस्ट लिया गया।

# रोटरी क्लब की नई टीम ने ली शपथ

## नए साल में किए जाने वाली योजनाओं की बनाई रुपरेखा

- विधायक निर्मल सिंह ने पूरे टीम को दी शुभकामनाएं
- समारोह में क्लब के सदस्यों के अतिरिक्त शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भी भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के रोटरी क्लब के नए प्रधान रोटेरियन राजीव अनेजा व उनकी टीम ने कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान पद ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में क्लब के सदस्यों के अतिरिक्त शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भी भाग लिया।

अंबाला शहर के मॉडल टाउन स्थित अंबाला क्लब के प्रांगण में हुए इस समारोह में विधायक चौधरी निर्मल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। वर्ष 2024-25 के प्रधान रोटेरियन आदर्श जैन ने अपने समय में किए गए सराहनीय कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया और बताया कि उनके कार्यकाल में पिंक टायलेट, सेनिटरी नैपकिन वितरण, रक्तदान शिविर और दांतों व आंखों के चैकअप कैंप लगाए गए।

रोटेरियन आदर्श जैन ने सहयोग के लिए सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। कुछ सदस्यों रोटेरियन मुकेश सिंघल, रोटेरियन अजय अग्रवाल, रोटेरियन विश्वास वर्मा को अवार्ड देकर भी सम्मानित किया गया। इस समारोह में रोटेरियन आदर्श जैन ने अपना कार्यभार रोटेरियन राजीव अनेजा व उनकी टीम को सौंपा।



**अंबाला।** समारोह में विधायक निर्मल सिंह को सम्मानित करते रोटेरियन।

### आदर्श जैन को किया सम्मानित

रोटेरियन राजीव अनेजा ने आने वाले वर्ष में किए जाने वाले कार्यों का ब्यौरा दिया। कहा कि आने वाले समय में उनको भी सभी सदस्यों का पूरा सहयोग मिलता रहेगा। अनेजा ने रोटेरियन आदर्श जैन को उनकी सेवाओं के लिए स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। विधायक निर्मल सिंह ने आने वाले वर्ष के नए प्रधान और उनकी टीम को बधाई दी। आशा व्यक्त की कि पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी रोटरी क्लब समाज के उत्थान के लिए सदैव भांति अग्रणी रहेगा। अंबाला कैंट से हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ने वाली नेत्री चित्रा सरवारा भी इस समारोह में उपस्थित रही। उन्होंने क्लब के नए प्रधान और उनकी टीम को बहुत ही ज्ञानवर्धक बातें बताई। समारोह के चेयरमैन रोटेरियन विश्वास वर्मा ने आए हुए मेहमानों का धन्यवाद किया। उल्लेखनीय है कि समारोह में मंच का संचालन क्लब की दो महिलाओं प्रियंका अग्रवाल और यति गुप्ता द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया। इस समारोह में क्लब के सदस्यों सचिव रोटेरियन विजय मल्होत्रा, कैशियर रोटेरियन अश्वनी साहनी, रोटेरियन किरण खरबंदा, रोटेरियन रवि गुप्ता, रोटेरियन प्रवीन पांडे, रोटेरियन आदर्श अग्रवाल, रोटेरियन अजय अग्रवाल, रोटेरियन महिंद्र आहूजा, रोटेरियन दीपक बत्तरा, रोटेरियन देवेंद्र गुप्ता ने भी भाग लिया।

# जनता को गुमराह कर रही है सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़


**नारायणगढ़।** पूर्व राज्य सूचना आयुक्त अशोक मेहता।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्य सूचना आयुक्त अशोक मेहता ने राज्य सरकार पर यह गंभीर आरोप लगाया है कि उसने बीपीएल परिवारों के अधिकारों का योजनाबद्ध हनन करते हुए अब सरसों के तेल जैसी आवश्यक खाद्य वस्तु को भी आदेशों और आंकड़ों के जाल में उलझाकर जनसामान्य को गुमराह करने का दुस्साहस किया है। अशोक मेहता ने इस नीति को "भोजन के अधिकार के विरुद्ध एक सुनियोजित दमन" करार दिया, जिससे गरीब की रसोई की गरिमा पर सीधा प्रहार हो रहा है। मेहता ने खुलासा किया कि राज्य सरकार द्वारा 1 जुलाई 2025 को जारी पत्र में इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रशासनिक स्तर पर बीपीएल परिवारों को मिलने वाले फोर्टिफाइड सरसों तेल की कीमत अब 100 रुपये प्रति दो लीटर निर्धारित की गई है। यह निर्णय पूर्व की उस नीति से पूर्णतरू विपरीत है, जिसके तहत यह तेल या तो निःशुल्क या अत्यल्प मूल्य पर उपलब्ध कराया जाता था। अब सरकार एक ऐसी आर्थिक कसौटी लागू कर रही है, जो गरीब के लिए न केवल असहनीय बल्कि अपमानजनक भी है। उन्होंने सरकार के उस कथन को भी हास्यास्पद बताया जिसमें कहा गया कि यदि कोई लाभार्थी एक लीटर तेल लेगा तो उसे 30 रुपये चुकाने होंगे परंतु दो लीटर लेने पर 100 रुपये देने होंगे। मेहता के अनुसार यह निर्णय केवल विरोधाभासी ही नहीं, बल्कि आर्थिक तर्क, मानवीय संवेदना और न्याय की मूल अवधारणाओं के भी प्रतिकूल है। उन्होंने इसे 'राजकोषीय गणित के नाम पर जनविरोधी अमानवीयता' बताते हुए कहा कि अब गरीब की पसंद नहीं, सरकार की शर्तें ही सर्वोपरि हैं। मेहता ने तीखे स्वर में कहा, "जब चुनाव आते हैं तो गरीबों की संख्या अचानक बढ़ जाती है, परंतु मतदान के बाद उन्हें सरकारी सूचियों से बाहर कर दिया जाता है।

# भूरेश्वर शिव मंदिर से शुरू हुई यात्रा

- श्रद्धालुओं ने लिख खूब आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़


**नारायणगढ़।** मंदिर में दर्शन करते योग संस्थान के सदस्य।

भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में सावन मास के पावन अवसर पर एक दिवसीय भव्य धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें संस्थान के अनेक योग साधकों ने श्रद्धा भाव से भाग लिया। यात्रा में बच्चे, युवा, महिलाएं, पुरुष और बुजुर्गों ने सामूहिक रूप से सहभागिता निभाई।

धार्मिक यात्रा की शुरुआत भूरेश्वर शिव मंदिर के दर्शन से हुई जो हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में नाहन-सोलन राजमार्ग के शिखर पर स्थित है। इस ऐतिहासिक मंदिर का प्राकृतिक सौंदर्य, शीतल जलवायु और धार्मिक महत्व योग साधकों को मंत्रमुग्ध कर गया। यह स्थल 'देवलिंग' के नाम से भी प्रसिद्ध है, मान्यता ऐसी भी है कि यहां अनेक देवी-देवताओं का वास माना जाता है। मान्यता है कि भगवान शिव एवं माता पार्वती ने यहीं से महाभारत का युद्ध देखा था।

योग साधकों ने मंदिर में दर्शन, पूजन व प्रसाद ग्रहण करने के बाद आसपास की सुंदर वादियों में योग व प्राणायाम भी किया। इसके बाद यात्रा जोहाना घाट स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। यहां गुरुजी के सान्निध्य में सभी साधकों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके पश्चात साधकों ने नाहन के प्राचीन काली माता मंदिर में दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। धार्मिक यात्रा का समापन पौड़ी वाला स्थित पौराणिक शिव मंदिर में हुआ जहां शिवलिंग पर जलाभिषेक कर साधकों ने शिव भजनों पर भक्ति में लीन होकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। संस्थान के जॉन प्रधान संजय धीमान ने बताया कि ऐसे धार्मिक यात्राएं साधकों को न केवल धार्मिक स्थलों से जोड़ती हैं, बल्कि योग, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आध्यात्मिक जीवनशैली को भी मजबूती प्रदान करती हैं। यात्रा के दौरान हिमाचल की हरी-भरी वादियों में साधकों ने सहायक केंद्र प्रमुख कनिका अग्रवाल के नेतृत्व में योगाभ्यास करते हुए प्राकृतिक वातावरण में आनंदपूर्वक दिन बिताया। पूरी यात्रा श्रद्धा, भक्ति और योग की त्रिवेणी से ओतप्रोत रही, जिसमें सावन माह की महत्ता को साधकों ने तन-मन-धन से अनुभव किया।

# एचकेआरएन कर्मचारियों के जीवन से राज्य सरकार कर रही है छल

- विधायक निर्मल सिंह ने सरकार पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर से कांग्रेस के विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री निर्मल सिंह ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत कार्यरत कर्मचारियों के भविष्य के साथ न केवल छल किया जा रहा है। उन्हें मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न के गहरे अंधकार में धकेला जा रहा है। निर्मल सिंह के अनुसार चुनाव से पूर्व इन कर्मचारियों को पाँच वर्षों की सेवा के उपरांत स्थायी करने का जो वादा किया गया था। वह अब सरकार की जुमलेबाज़ी बन कर रह गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने बाक़ायदा अधिसूचना जारी की थी लेकिन ज़मीनी हक़ीक़त इसके सर्वथा विपरीत है। कई जिलों में एचकेआरएन कर्मचारियों को पिछले तीन से पाँच महीने से वेतन तक नहीं मिला है। निर्मल सिंह ने चेताया कि अगर सरकार इन्हें समय पर वेतन नहीं देती, तो इसका प्रत्यक्ष प्रभाव प्रदेश की सरकारी सेवाओं पर भी पड़ेगा, जिसका खामियाज़ा जनता को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले डीसी रेट और ठेका प्रणाली पर रखे गए कर्मचारियों को एचकेआरएन में मर्ज कर उनकी नियमितीकरण की संभावना ही समाप्त कर दी।

# रचनात्मक एवं संज्ञानात्मक विकास के लिए छात्र कोडिंग और भाषा का ज्ञान करें अर्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


**बराड़ा।** छात्रों को संबोधित करते उपमंडल रोजगार कार्यालय के अधिकारी।

उपमंडल रोजगार कार्यालय की ओर से 25 जुलाई तक व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय होली से की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला रोजगार अधिकारी डॉ. अरुण कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को अपने भविष्य के लिए स्पष्ट लक्ष्य तय करके ही आगे की पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने रुचि-क्षेत्र को पहचानने की प्रेरणा दी। रोजगार कार्यालय से सहायक अधिकारी जगप्रीत ने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों और प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के लिए कई प्रकार के ऑनलाइन और ऑफलाइन कोर्स उपलब्ध हैं। जो उनकी आयु, रुचियों और शैक्षणिक जरूरतों के अनुसार चुने जा सकते हैं। उन्होंने कोडिंग और भाषा जैसे ऑनलाइन कोर्सेज की उपयोगिता बताते हुए कहा कि ये कोर्स बच्चों के रचनात्मक एवं संज्ञानात्मक विकास में सहायक होते हैं। वहीं कला, संगीत, खेल आदि पर आधारित ऑफलाइन कोर्स बच्चों को विशेष कौशलों में प्रशिक्षित करते हैं।



### भाविप ने बोधनी स्कूल में किया पौधरोपण

**पिहोवा।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की थी। इस अभियान का उद्देश्य वर्तमान समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं इस धारा के भविष्य को सुरक्षित रखना है। सीजन को देखते हुए सोमवार को गांव बोधनी स्थित वेल विशर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल व गांव खेड़ी शीशगरा में अजय गर्ग के फार्म हाउस पर भारत विकास परिषद शाखा पेहवा के अध्यक्ष नवीन गर्ग, निपुण गर्ग सहित समस्त सदस्यों ने पौधारोपण किया। प्रधान नवीन गर्ग ने कहा कि वृक्षारोपण महत्वपूर्ण है क्योंकि पेड़ हवा को शुद्ध करते हैं, वर्षा जल के बहाव और बाढ़ को रोकते हैं, ऊर्जा बचाते हैं, सांस लेने में मदद करते हैं। इस अवसर पर ज्ञान भूषण पपनेजा, देव पूर्णिमा, सतीश छाबड़ा, मेघराज गर्ग, मनोहर लाल शर्मा, अजय गर्ग, राकेश खुराना, अजय रोहिल्ला, बलविंद्र सैनी सहित स्कूल के स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

# यूरिया स्टॉक में गड़बड़ी, कई दुकानदारों को सीएम फ्लाइंग ने दिए नोटिस

- अंबाला शहर व मटेहड़ी गांव में खाद बेचने वालों का किया गया रिकॉर्ड चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

यूरिया की कालाबाजारी को लेकर सरकार के निर्देश पर मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम ने अंबाला सिटी, मटेड़ी में दुकानों पर जाकर यूरिया के स्टॉक को जांचा। इस दौरान टीम जब अंबाला सिटी अनाज मंडी में गर्ग बीज भंडार पहुंची तो पोस मशीन में 105 यूरिया बैग नहीं मिले। इसके चलते कृषि विभाग के एसडीओ जगमोहन सिंह ने दुकानदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दो दिन के भीतर दुकानदार को नोटिस का जवाब देना होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री उड़न दस्ते से इंस्पेक्टर राजेश, सब इंस्पेक्टर परविंदर सिंह, सब इंस्पेक्टर राजबीर सिंह, एएसआई सुखविंदर सिंह, हेड कांस्टेबल परवेश शामिल रहे तो वहीं कृषि विभाग से एसडीओ जगमोहन सिंह, अकाउंटेंट मनदीप सिंह सैनी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने नई अनाज मंडी में मैसर्ज अंबाला खाद बीज स्टोर में स्टॉक जांचा। यहां पर पोस मशीन में स्टॉक ठीक पाया गया, इसके उपरांत टीम ने मटेड़ी में मैसर्ज जगतार खाद स्टोर में भी जांचा की। निरीक्षण करने पर पोस मशीन में स्टॉक ठीक पाया गया।

## विधायक पूजा चौधरी ने कहा कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करवाए सरकार

# भाजपा सरकार में हर बार होता है खाद का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


**बराड़ा।** कार्यकर्ताओ को संबोधित करती विधायक पूजा चौधरी।

विधायक पूजा चौधरी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हर फसल सीजन में किसानों को खाद के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। इस बार भी वही हालात हैं। खाद-बीज की दुकानों पर लंबी कतारें हैं, किसान दिनभर लाइन में खड़े रहने के बावजूद खाली हाथ लौट रहे हैं। सरकार और प्रशासन किसानों की इस गंभीर समस्या पर आंखें मूंदे बैठा है। विधायक पूजा ने यह बात कांग्रेस कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की विफल नीतियों के कारण खाद की भारी किल्लत पैदा हो गई है। हालात इतने खराब हैं कि कई जिलों में पुलिस की निगरानी में खाद वितरित करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि खाद की कमी के चलते कालाबाजारी चरम पर है और किसानों को ब्लैक में खाद खरीदने को मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि हर बार जानबूझकर खाद का संकट पैदा किया जाता है, ताकि मुनाफाखोरों को लाभ पहुंचाया जा सके। विधायक ने बताया कि इस समय किसानों को अगले 10 से 15 दिनों तक खाद की सबसे अधिक आवश्यकता है, लेकिन अगर समय पर खाद नहीं मिली तो इसका सीधा असर फसल उत्पादन पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में किसान यूरिया और डीएपी के लिए भटक रहे हैं, लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार होने के बावजूद हरियाणा को अब तक उसके हिस्से की मात्र 50 प्रतिशत खाद ही मिली है। इससे स्पष्ट है कि सरकार किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। विधायक पूजा ने सरकार की नई नीति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अब खाद को पोर्टल के माध्यम से देने की योजना से किसानों की परेशानी और बढ़ेगी। पहले ही किसान 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' और 'परिवार पहचान पत्र' जैसे पोर्टलों की जटिलताओं से जूझ रहे हैं। अब खाद के लिए भी पोर्टल की बाध्यता एक और परेशानी बनकर सामने आएगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों को शीघ्र पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करवाई जाए ताकि उन्हें समय पर बुवाई और उत्पादन में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया तो कांग्रेस किसान आंदोलन का समर्थन करते हुए सड़कों पर उतरेगी।